
मूल्य:100/-




# शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, कोरबा

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) से संबद्ध

**नैक द्वारा मूल्यांकित ''बी'' ग्रेड**


**Phone** : 07759-223722 **Website** : www.mmggckorba.in

**E-mail** : minimata89@rediffmail.com


# विवरणिका
# 2023-24

# महाविद्यालय का परिचय

ऊर्जा एवं काले हीरे के नाम से प्रसिद्ध कोरबा में स्थित शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय अपने स्थापना काल से ही छात्राओं का सर्वांगीण विकास करते हुए महिला सशक्तिकरण के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। महाविद्यालय में कला वाणिज्य विज्ञान तीनों संकाय के अध्यापन सुविधा के साथ १० विषयों में स्नातकोत्तर अध्यापन सुविधा कराने वाला महाविद्यालय द्वितीय चक्र नैक मूल्यांकन में 'बी' ग्रेड प्राप्त निरंतर विकास की ओर अग्रसर है।

## दृष्टि (Vision)

महिला सशक्तिकरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल उन्मुखीकरण के कारण छात्राओं में बौद्धिक, नैतिक और सामाजिक विकास करते हुए अनुशासित नागरिक के निर्माण हेतु संकल्पित है।

## लक्ष्य (Mission)

संस्था का लक्ष्य समाज एवं राष्ट्र के विकास में बालिकाओं को सुसंस्कृत, शिक्षित और नैतिक रूप से दायित्ववान बनाना और नवीनतम तकनीक से उनका सर्वागीण विकास करना है।









# प्राचार्य की कलम से.....

नव प्रवेशित छात्राओं का महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक स्वागत है। हमारी संस्था निरंतर प्रयत्नशील हैं। कि यहाँ अध्ययनरत छात्राएं, शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक रुप से सुदृढ़ और मजबूत एवं ऊर्जावान हो। साथ ही उनमें सामाजिक, नैतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यबोध का विकास हो। विद्यार्थी के व्यक्तित्व का बहुआयामी विकास सुनिश्चित कर उन्हे काबिल बनाना एवं गुणवत्तामूलक शिक्षा प्रदान करना ही हमारा उद्द्देश्य है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि महाविद्यालय में अध्ययरत छात्राऐं अनुशासन बनाऐ रखते हुए हर क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

उज्जवल एवं सफल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ...!

**डॉ. राजेन्द्र सिंह**
प्राचार्य
शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय
कोरबा (छ.ग.)

# शैक्षिणक अधिकारी



**डॉ. राजेन्द्र सिंह**
प्राचार्य



**प्रो. तारा शर्मा**
समाजशास्त्र



**श्री अश्वनी कुमार केशरवानी**
प्राणीशास्त्र विभाग



**श्रीमती संध्या पाण्डेय**
हिन्दी विभाग



**श्री अशोक कुमार श्रीवास**
भौतिक शास्त्र



**डॉ. ए.पी. सिंह**
वाणिज्य विभाग



**डॉ. अंजली राय**
अंग्रेजी विभाग



**डॉ. पापिया चतुर्वेदी**
वाणिज्य विभाग



**डॉ. पी.के. सिन्हा**
अर्थशास्त्र विभाग



**श्री प्रकाश साहू**
भूगोल विभाग



**डॉ. विनोद कुमार साहू**
राजनीतिशास्त्र विभाग



**डॉ. डेज़ी कुजूर**
हिन्दी विभाग



**कु. मीनाक्षी शांडिल्य**
हिन्दी विभाग



**श्रीमती अमिता सक्सेना**
वाणिज्य विभाग



**डॉ. श्रेणी दिवाकर**
रसायनशास्त्र विभाग



**श्रीमती मोनिका मिंज**
गृहविज्ञान



**श्रीमती वर्षा सिंह तंवर**
राजनीतिशास्त्र विभाग



**श्रीमती कल्याणी ध्रुव**
वनस्पति शास्त्र



**श्री भागवत प्रसाद पटेल**
भौतिक शास्त्र



**डॉ. एस. सरस्वती राव**
ग्रंथपाल



**श्रीमती अमिना तिर्की**
क्रीड़ाधिकारी

# अधोसंरचना

- 10 एकड़ का भू–भाग
- वाई–फाई की सुविधा
- सी.सी.टी.वी. युक्त
- खेल मैदान
- जिम
- प्रायोगिक कक्ष
- सुव्यवस्थित ग्रंथालय
- 100 सीटर हास्टल

## कार्यालयीन कर्मचारी



श्री दुष्यंत राव भोसले
सहायक ग्रेड-एक



श्रीमती इंदुमति बरेठ
सहायक ग्रेड-दो



श्री पी.जयरामुलु
सहायक ग्रेड-तीन



श्री आर.एस. सिदार
प्रयोगशाला तकनीशियन



श्रीमती गिरजा मंहत
प्रयोगशाला तकनीशियन



श्रीमती पुष्पा साव
प्रयोगशाला परिचारक



श्रीमती शालिनी शिवहरे
प्रयोगशाला परिचारक



श्री के. बंगारैया
स्वीपर

## क्रीड़ा

महाविद्यालय अपने छात्राओं की शारीरिक क्षमताओं के उन्नयन हेतु समय–समय पर महाविद्यालयीन स्तर, जिला स्तर एवं विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन करता है। महाविद्यालय में क्रिकेट, कबड्डी, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल–टेनिस, व्हॉलीबाल, खो–खो, बास्केटबाल, शतरंज, एथलेटिक्स आदि खेलों हेतु कोचिंग सुविधाएं है। महाविद्यालय में बैडमिंटन, बास्केटबॉल, कबड्डी आदि खेलों का मैदान है। महाविद्यालय में स्वयं का सुसज्जित जिम है।






## राष्ट्रीय सेवा योजना

समाज सेवा के माध्यम से छात्राओं के व्यक्तित्व विकास करते हुए राष्ट्र निर्माण में युवा छात्राओं की अधिकतम सहभागिता का उद्देश्य के साथ इस महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना संचालित है। इस इकाई द्वारा पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ भारत अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता व कौशल विकास के माध्यम से छात्राओं तथा समाज में जागरूकता कार्य संपादित किया जाता है। इस इकाई के स्वयं सेवकों ने निरंतर राज्य व राष्ट्र स्तर के शिविरों एवं साहसिक कार्यों में भागीदारी दर्ज कराते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय की यह इकाई 100 छात्राओं के साथ नियमित, अनिवार्य एवं विशेष गतिविधियों का संचालन पूरे वर्ष भर करती है।

## यूथ रेड क्रॉस सोसायटी

मानव सेवा की ओर निरंतर आगे बढ़ते हुए महाविद्यालय का युथ रेड क्रॉस सोसायटी छात्राओं में स्वास्थ्य जागरूकता का कार्य करती है। जिससे नेत्र परीक्षण व रक्त परीक्षण का शिविर आयोजन करती है। यहाँ मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र भी स्थापित है, जिसके माध्यम से छात्राओं का काउंसिलिंग समय–समय पर किया जाता है।



# संचालित कक्षाएं एवं सीट संख्या

| क्र. | संकाय | पाठयक्रम | अनिवार्य विषय | अवधि | वैकल्पिक विषय | उपलब्ध सीट संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कला | बी.ए. | आधार पाठ्यक्रम हिन्दी<br>आधार पाठ्यक्रम अंग्रेजी<br>आ.पा. पर्यावरण अध्यन | 3 वर्ष | हिन्दी साहित्य, राजनीतिशास्त्र/गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी साहित्य, भूगोल | 160 |
| | | एम.ए. हिन्दी | सभी अनिवार्य प्रश्न पत्र | 4 सेमेस्टर | | 50 |
| | | एम.ए. समाजशास्त्र | सभी अनिवार्य प्रश्न पत्र | 4 सेमेस्टर | | 30 |
| | | एम.ए. अर्थशास्त्र | सभी अनिवार्य प्रश्न पत्र | 4 सेमेस्टर | | 30 |
| | | एम.ए. भूगोल | सभी अनिवार्य प्रश्न पत्र | 4 सेमेस्टर | | 30 |
| | | एम.ए. राजनीतिशास्त्र | सभी अनिवार्य प्रश्न पत्र | 4 सेमेस्टर | | 50 स्ववित्तीय |
| | | एम.एस.डब्लू | सभी अनिवार्य प्रश्न पत्र | 4 सेमेस्टर | | 30 स्ववित्तीय |
| 2. | वाणिज्य | बी.कॉम | आ. पाठ्यक्रम प्रश्न पत्र | 3 वर्ष | सभी अनिवार्य प्रश्न पत्र | 160 |
| | | एम.कॉम | सभी अनिवार्य प्रश्न पत्र | 4 सेमेस्टर | | 60 |
| 3. | विज्ञान | बी.एस.सी. (बायो) | आधार पाठ्यक्रम हिन्दी<br>आधार पाठ्यक्रम अंग्रेजी<br>आ.पा. पर्यावरण अध्यन | 3 वर्ष | रसायनशास्त्र<br>प्राणीशास्त्र<br>वनस्पतिशास्त्र | 60 |
| | | बी.एस.सी. (गणित) | आधार पाठ्यक्रम हिन्दी<br>आधार पाठ्यक्रम अंग्रेजी<br>आ.पा. पर्यावरण अध्यन | 3 वर्ष | गणित<br>भौतिकशास्त्र<br>रसायनशास्त्र | 60 |
| | | बी.एस.सी. प्रथम (कम्प्युटर साइंस) | आधार पाठ्यक्रम हिन्दी<br>आधार पाठ्यक्रम अंग्रेजी<br>आ.पा. पर्यावरण अध्यन | 3 वर्ष | भौतिक शास्त्र<br>गणित<br>कम्प्यूटर साईंस | 60 |
| | | एम.एस.सी. (गणित) | सभी अनिवार्य प्रश्न पत्र | 4 सेमेस्टर | | 20 स्ववित्तीय |
| | | एम.एस.सी. (रसायनशास्त्र) | सभी अनिवार्य प्रश्न पत्र | 4 सेमेस्टर | | 25 स्ववित्तीय |
| | | पी.जी.डी.सी.ए. | सभी अनिवार्य प्रश्न पत्र | 1 वर्ष | | 30 स्ववित्तीय |

# शुल्क विवरण

## शासकीय शुल्क

| क्र. | विवरण | राशि |
|---|---|---|
| 1 | प्रवेश शुल्क, लेखन सामाग्री | 8.00 |
| 2 | प्रायोगिक शुल्क (कला–भूगोल, गृहविज्ञान एवं विज्ञान संकाय) | 20.00 |
| 3 | विकास निधि | 170.00 |
| 4 | अवधान राशि (स्नातक) | 60.00 |
| 5 | अवधान राशि (स्नातकोत्तर) | 100.00 |
| 6 | शारीरिक कल्याण शुल्क | 150.00 |
| 7 | छात्रसंघ शुल्क | 20.00 |
| 8 | छात्रा कल्याण शुल्क | 20.00 |
| 9 | सम्मिलित निधि (महाविद्यालयीन गतिविधि) | 60.00 |
| 10 | वाचनालय निधि | 75.00 |
| 11 | पुस्तकालय शुल्क | 30.00 |
| 12 | परिचय पत्र शुल्क | 40.00 |
| 13 | वार्षिक पत्रिका शुल्क | 80.00 |
| 14 | युवा गतिविधि शुल्क (सम्मिलित निधि रू1. वि.वि अंशदान, | 02.00 |
| | रू1. महाविद्यालय अंशदान | |
| 15 | छात्रा कॉमन रूम | 20.00 |
| 16 | सायकल स्टैण्ड | 62.00 |
| 17 | चिकित्सा शुल्क | 03.00 |
| 18 | जनभागीदारी शुल्क | 400.00 |
| 19 | रेडक्रॉस शुल्क | 25.00 |
| 20 | आंतरिक परीक्षा शुल्क | 55.00 |
| | **अन्य शुल्क** | |
| 1 | प्रवेश आवेदन पत्र (विवरणिका) शुल्क | 100.00 |
| | **स्ववित्तीय योजनांतर्गत संचालित स्नाकोत्तर पाठ्यक्रम एवं शुल्क** | |
| 1 | एम.एस.सी रसायनशास्त्र | 10000.00 |
| 2 | एम.एस.सी. गणित | 4000.00 |
| 3 | एम.ए. राजनीतिशास्त्र | 4000.00 |
| 4 | एस.एस. डब्ल्यू | 8000.00 |
| 5 | पीजीडीसीए | 12000.00 |
| | **कुल प्रवेश शुल्क** | |
| 1 | स्नातक नवीन (प्रायोगिक) | 1300.00 |
| 2 | स्नातक नवीन (गैर प्रायोगिक) | 1285.00 |
| 3 | स्नातक नवीनकरण (प्रायोगिक) | 1240.00 |
| 4 | स्नातक नवीनकरण (गैर प्रायोगिक) | 1220.00 |
| 5 | स्नातकोत्तर नवीन (प्रायोगिक) | 1340.00 |
| 6 | स्नातकोत्तर नवीन (गैर प्रायोगिक) | 1320.00 |
| 7 | स्नातकोत्तर नवीनीकरण (प्रायोगिक) | 1240.00 |
| 8 | स्नातकोत्तर नवीनीकरण (गैर प्रायोगिक) | 1220.00 |

**आवश्यकतानुसार अन्य विश्वविद्यालय शुल्क**

# चेक लिस्ट

**प्रवेश आवेदन पत्र में आवश्यक दस्तावेजों को चेक लिस्ट अनुसार संलग्न करें :-**

1. हाई–स्कूल, हॉयर सेकेण्डरी स्कूल अंक सूची की छायाप्रति
2. स्नातक भाग–I, II या अन्य उत्तीर्ण परीक्षा की अंक सूची की छायाप्रति
3. स्थानांतरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति
4. चरित्र प्रमाण पत्र की छायाप्रति
5. प्रवजन प्रमाण पत्र की छायाप्रति
6. राज्य स्तरीय खेलकूद/एन.एस.एस./एन.सी.सी. प्रमाण पत्र की छायाप्रति
7. विकलांग प्रमाण पत्र की छायाप्रति
8. भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र की छायाप्रति
9. सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित स्थाई जाति एवं निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति
10. मतदाता परिचय पत्र की स्वप्रमाणित प्रति
11. आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति।
12. बैंक पासबुक की मुख्य पृष्ठ की छाया प्रति। (जिसमें खाता संख्या एवं फोटो लगा हो)

# महत्वपूर्ण टीप

1. प्रवेश सूची में नाम आने पर छात्राऍं अपने समस्त मूल दस्तावेजों/प्रमाण पत्रों एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं अभिभावक के साथ उपस्थित होवें।
2. प्रवेश के दौरान रैगिंग के संबंध में शपथ पत्र अनिवार्य रूप से भरना होगा।
3. बोर्ड, विश्वविद्यालय द्वारा नकल करने पर दण्डित अवधि में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
4. किसी भी प्रकार के अपराधिक/न्यायालयीन प्रकरण से संबंधित आवेदकों को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
5. स्नातक/स्नातकोत्तर प्रवेश की रसीद जमा करने पर ही अवधान राशि प्राप्त किया जा सकेगा।

# कार्यालय हेल्प डेस्क एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ

| नाम | मोबाईल | कार्यभार |
|---|---|---|
| डॉ. डेज़ी कुजूर | 9406222869 | सहायक प्राध्यापक |
| डॉ. पापिया चतुर्वेदी | 9981226509 | छात्र संघ प्रभारी |

## छात्राओं के लिए आवश्यक निर्देश

1. प्रवेश विवरणिका का अध्ययन करें, समय सीमा के अनुसार आवेदन कर प्रवेश प्राप्त करें।
2. प्रवेश प्राप्त करते ही परिचय पत्र/ग्रंथालय पत्रक बनवाएं/नवीनीकरण करवाएं एवं प्रतिदिन महाविद्यालय में इसे लेकर ही उपस्थित हों।
3. नवीन छात्राएँ महाविद्यालय कार्यालय से संपर्क कर प्रवेश उपरांत अविलम्ब विश्वविद्यालय में नामांकन/पंजीयन हेतु फार्म भरें।
4. छात्राएं प्रवेश प्राप्त होते ही प्रभारियों/सहायकों से संपर्क कर सहायता निधि, शुल्क, छात्रवृत्ति के लिए नियमानुसार आवेदन करें।
5. महाविद्यालय की समग्र जानकारी के लिए प्रतिदिन सूचना पटल का अवलोकन करें।
6. निश्चित समय पर परीक्षा आवेदन, प्रवेश फार्म, अंक सूची आदि प्राप्त करें एवं संबंधित सूचनाओं पर अमल करें।
7. प्रत्येक विषय की कक्षाओं में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है अन्यथा परीक्षा से वंचित होना पड़ेगा।
8. महाविद्यालय में अनुशासन नियमों का पालन करना अनिवार्य है। ''प्राचार्य का मार्गदर्शन, गुरूजनों की विद्वता एवं महाविद्यालय परिवार की सेवाओं का भरपूर लाभ लेकर अपने सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास करें एवं राष्ट्र विकास की कड़ी बनें।''
9. छात्राओं प्रयोगशाला में उपकरणों का उपयोग सावधानी पूर्वक करेगे तथा उनको स्वच्छ एवं प्रयोगशाला को साफ–सुथरा रखेगी।
10. ग्रंथालय द्वारा निर्धारित नियमों का पूर्ण पालन करना होगा, उसे निर्धारित संख्या में ही पुस्तकें प्राप्त होगी तथा समय से न लौटाने पर निर्धारित आर्थिक दण्ड देना होगा।
11. अध्ययन से संबंधित किसी कठिनाई के लिए प्राध्यापकों के समक्ष अथवा प्राचार्य के समक्ष शांतिपूर्ण ढ़ंग से अभ्यावेदन प्रस्तुत करें।
12. व्याख्यान कक्षों, प्रयोगशालाओं या वाचनालयों में पंखे, लाईट, फर्नीचर, इलेक्ट्रिक फिटिंग की तोड़–फोड़ करना, शासकीय सामानों को नुकसान पहुंचाना दण्डात्मक आचरण माना जायेगा।

## विद्यार्थियों के लिए आचार संहिता :-

1. विद्यार्थी की वेशभूषा उत्तेजक नहीं होनी चाहिए। वे शालीन वेशभूषा में महाविद्यालय में आयें।
2. प्रत्येक विद्यार्थी अपना पूर्ण ध्यान अध्ययन में लगायेगा, साथ ही महाविद्यालय द्वारा आयोजित पाठ्येत्तर गतिविधियों में पूरा सहयोग करेंगे।
3. महाविद्यालय परिसर में वह शालीन व्यवहार करेगा, अभद्र व्यवहार, असंसदीय भाषा का प्रयोग, गाली–गलौच, मारपीट या आग्नेय अस्त्रों का प्रयोग नहीं करेगा।
4. प्रत्येक विद्यार्थी अपने शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से नम्रता एवं भद्रता से व्यवहार करेगा।
5. महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाये रखना प्रत्येक विद्यार्थी का नैतिक कर्तव्य है, वह सरल निर्व्यसन और मितव्ययी जीवन निर्वाह करेगा।
6. महाविद्यालय तथा छात्रावास की सीमाओं में किसी मादक पदार्थो का सेवन सर्वथा वर्जित रहेगा।
7. महाविद्यालय में इधर–उधर थूकना, दिवालों को गंदा करना या गंदी बातें लिखना सक्त मना है विद्यार्थी असामाजिक तथा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।
8. वह अपनी मांगो का प्रदर्शन आंदोलन, हिंसा या आतंक फेलाकर नहीं करेगा। विद्यार्थी अपने आपको दलगत राजनीति से दूर रखेगा तथा अपनी मांगों को मनवाने के लिए राजनीतिक दलों, कार्यकर्ताओं अथवा समाचार पत्रों का सहारा नहीं लेगा।
9. महाविद्यालय परिसर में मोबाईल का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।
10. रैगिंग एक दण्डनीय अपराध है। विद्यार्थी रैगिंग में संलिप्त पाये जाने पर महाविद्यालय से निष्कासन एवं कानूनी सजा की भागीदारी होंगे।

## महाविद्यालय प्रशासन का अधिकार क्षेत्र

1. यदि छात्रा किसी अनैतिकता मूलक या गंभीर अपराध में अभियुक्त पायी गयी तो उसका प्रवेश तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
2. यदि छात्रा रैगिंग में लिप्त पायी गयी तो छत्तीसगढ़ शैक्षणिक संस्थानों में प्रताड़ना प्रतिषेध अधिनियम 2001 के अनुसार रैगिंग किये जाने पर अथवा रैगिंग हेतु प्रेरित करने पर पांच साल की सजा या पांच हजार रूपये अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है।
3. यदि छात्रा समय सीमा में शुल्क का भुगतान नहीं करती है तो उसका नाम काट दिया जायेगा।
4. यदि छात्रा किसी प्रार्थना पत्र अथवा आवेदन में तथ्यों को छिपायेगी अथवा गलत प्रस्तुत करेगी तो उसका प्रवेश निरस्त कर उसे महाविद्यालय से पृथक कर दिया जायेगा। महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु छात्रा द्वारा प्रस्तुत किये गये आवेदन पत्र में उसके पालक अथवा अभिभावक का घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर अनिवार्य है और यह हस्ताक्षर प्रवेश समिति के सम्मुख करेंगे।
5. सुप्रीम कोर्ट के आदेश नं. 24295/2004 के अनुसार रैगिंग की कोई घटना समिति के समक्ष आती है तो छात्र को अपना पक्ष प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता दी जाएगी यदि उसका स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो ऐसी स्थिति में उसे संस्था से बाहर किये जाने का प्रावधान है।

## परीक्षा संबंधी नियम

1. छात्रा को सत्र के दौरान होने वाली सभी परीक्षाओं, त्रैमासिक तथा अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं में सम्मिलित होना अनिवार्य है।
2. अस्वस्थ्यतावश आंतरिक परीक्षाओं में सम्मिलित न होने की स्थिति में छात्रा शासकीय चिकित्सक से मेडिकल सर्टिफिकेट प्रस्तुत करेगी तथा स्वस्थ होने के उपरांत आंतरिक परीक्षा देगी।
3. परीक्षा व उसके संबंध में किसी भी प्रकार का अनुचित लाभ लेने तथा अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर गंभीर दुराचरण माना जायेगा।

## विश्वविद्यालय संबंधी जानकारी

1. महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर स्वाध्यायी परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने के लिए कक्षा एवं विषय, महाविद्यालय में जिस कक्षा एवं विषय का नियमित अध्ययन हो रहा है उन्हीं कक्षा एवं विषयों में स्वाध्यायी छात्रा परीक्षा में सम्मिलित हो सकती हैं। प्रायोगिक विषयों में स्वाध्यायी के रूप में शामिल होने पर तीन माह तक निरंतर प्रायोगिक कार्य हेतु उपस्थित होना अनिवार्य है।
2. दिव्यांग छात्रों को विश्वविद्यालयीन परीक्षा शुल्क से मुक्त रखा गया है। इस हेतु उन्हें शासन से जारी विकलांग प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
3. विश्वविद्यालय के अध्यादेश के तहत् कोई भी छात्रा एक सत्र में दो परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकती।
4. बिलासपुर विश्वविद्यालय से संबंधित महत्वूपर्ण जानकारियों को विश्वविद्यालय की वेबसाईट से भी प्राप्त कर सकते हैं एवं नियमित रूप से वेबसाईट का अवलोकन करते रहें :–

वेबसाईट–www.bilaspuruniversity.ac.in

1. प्रवेश संबंधी नियम।
2. विश्वविद्यालयीन नामांकन फार्म भरने की तिथि/शुल्क।
3. विश्वविद्यालय पूरक/वार्षिक परीक्षा के फार्म भरने एवं शुल्क संबंधी जानकारी।
4. विश्वविद्यालयीन परीक्षा संबंधी समय सारणी।
5. विश्वविद्यालयीन परीक्षा परिणाम।
6. विश्वविद्यालयीन पूरक/वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा का एडमिट कार्ड।
7. छात्रसंघ संबंधी आवश्यक जानकारी।
8. स्नातक,स्नातकोत्तर स्तर के सभी कक्षाओं/विषयों के पाठ्यक्रम।
9. खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में आवश्यक जानकारी।
10. एंटी रैगिंग संबंधी नियम।










# शैक्षणिक
# एवं
# सांस्कृतिक गतिविधियां



महाविद्यालय में संस्कृति की विविधता बनाए रखने, छात्राओं को **सदाचारिता**, **दूरदृष्टि** और अकादमिक **उत्कृष्टता** की ओर उन्मुख करने के लिए कृत संकल्पित है।

छात्रा समूह द्वारा वर्ष भर आयोजित अकादमिक व्याख्यान, सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियां महाविद्यालय की पहचान है।















आम आदमी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राष्ट्रीय सेवा योजना


राष्ट्रीय सेवा योजना
75
आज़ादी का
अमृत महोत्सव


Lat 22.602570, Long 82.594906
12/07/2022 12:00 PM GMT+05:30


शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय
कोरबा
भौगोलिक सर्वेक्षण